समाचार

# शहर सेनेटाईजेशन हेतु वाहन देने आगे आ रही स्वयंसेवी संस्थाएं

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने हरी झण्डी दिखाकर साकेत भवन से वाहन को रवाना किया)

## (मानव आपदा प्रबंधन समिति ने कार्य पर लगाया सेनेटाईजेशन वाहन)




कोरबा 12 अप्रैल 2020 –नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु कोरबा शहर के साथ–साथ निगम क्षेत्र के दूरदराज वार्डो को सेनेटाईज करने की दिशा में शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी कमर कसी है तथा वे निगम को सेनेटाईज वाहन उपलब्ध करा रही है। आज मानव आपदा प्रबंधन समिति कोरबा ने भी एक सेनेटाईजेशन वाहन कार्य पर लगाया। आयुक्त श्री राहुल देव ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा की उपस्थिति में साकेत भवन में हरी झण्डी दिखाकर सेनेटाईजेशन वाहन को सेनेटाईज कार्य हेतु रवाना किया।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा किए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यो के साथ ही कोरबा क्षेत्र के साथ–साथ निगम क्षेत्र के समस्त वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री राहुल देव के दिशा निर्देशन में अभी तक कोरबा शहर के सभी प्रमुख स्थानों, अधिकांश वार्डो, शासकीय कार्यालयों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, कालोनियों, रहवासी व व्यवसायिक क्षेत्रों, सब्जी बाजारों, छात्रावासों, अस्पतालों, बैंक व अशासकीय कार्यालयों, कोरन्टाईन सेंटरों सहित अन्य प्रमुख स्थलों व लाकडाउन की छूट की अवधि में ज्यादा आवागमन वाले क्षेत्रो में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया है, जो निरंतर जारी है, इस कार्य में फायर ब्रिगेड सहित निगम के 05 वाहन व एक मोबाईल यूनिट के साथ–साथ समाज सेवी लोगों के द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों के द्वारा सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। इस दिशा में शहर की स्वयंसेवी संस्थाएं स्वस्फूर्त आगे आकर सेनेटाईजेशन वाहन उपलब्ध करा रही है, जिससे निगम द्वारा किए जा रहे शहर सेनेटाईजेशन कार्य को और अधिक बल मिल रहा है। इसी कड़ी में आज मानव आपदा प्रबंधन समिति कोरबा के द्वारा सेनेटाईजेशन कार्य हेतु आवश्यक मशीनरी सहित वाहन उपलब्ध कराया गया। साकेत भवन में आयुक्त श्री राहुल देव ने हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, जुड़ावन सिंह ठाकुर, किशोर बुटोलिया, विकास अग्रवाल, योगेश जैन समिति के अध्यक्ष डॉ.विशाल उपाध्याय, सचिव हितानंद अग्रवाल, वैभव चौरसिया, नीरज अग्रवाल, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। मानव आपदा प्रबंधन समिति, स्वयंसेवी संस्था '' पहल '' एवं कमल ट्रेडर्स के द्वारा सेनेटाईजेशन वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, इन तीनों संस्थाओं के वाहनों को शहर सेनेटाईजेशन कार्य में उपयोग कराया जा रहा है तथा इनके पृथक–पृथक क्षेत्र निर्धारित कर दिए गए हैं, जहां पर ये लगातार सेनेटाईजेशन का कार्य करेंगे।

सेनेटाईजेशन का कार्य निरंतर जारी– नगर निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है तथा लाकडाउन से छूट की अवधि में ज्यादा आवागमन वाले स्थानों तथा अस्पतालों, कोरन्टाईन

सेंटरों, शासकीय कार्यालयों सहित अन्य स्थानों में प्रतिदिन सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोरन्टाईन सेंटरों, शासकीय एवं निजी अस्पतालों, बाजारों, कार्यालयों के साथ–साथ वार्ड क्र. 18, 33, 31, 35, 60 एवं 61 में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया।

**खोला समय से पहले दुकान, लगा जुर्माना**– दर्री जोनांतर्गत दर्री बराज पुल के आगे कनवेयर बेल्ट के पास एक दुकानदार द्वारा मछली, मुर्गा की दुकान समय से पहले खोल दी गई थी, जो लाकडाउन का सीधे– सीधे उल्लंघन है, इसे गंभीरता से लेते हुए निगम के अधिकारियों ने संबंधित को कड़ी हिदायत देते हुए 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया।